अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ मैं विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित हुई राष्ट्रस्तरीय प्रतियोगिताएं

अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों के द्वारा पोस्टर मेकिंग, नारा लेखन व कविता लेखन जैसी राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों के लगभग 200 से अधिक प्रतिभागियों ने ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय मे वृक्षारोपण व पर्यावरण विषय पर अतिथि व्याख्यान का भी आयोजन किया गया जिसके मुख्य वक्ता श्री मुकेश मंगला जी रहे। उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि हम अपने दैनिक दिनचर्या में कैसे छोटे छोटे बदलाव लाकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। और हमें राष्ट्र की सेवा के लिए सीमा पर जाने की आवश्यकता नहीं है, हम अपने कार्यस्थल पर भी श्रद्धा,लगन और समझदारी से कार्य करके राष्ट्र सेवा में अपना विशेष योगदान दे सकते हैं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता जी ने अपने वक्तव्य में कहा की पर्यावरण को नष्ट हम कर रहे हैं तो इसके दुष्परिणाम भी हमें ही भुगतने होंगे। पर्यावरण के प्रति किए गए छोटे-छोटे प्रयास भी बड़े व सकारात्मक परिणामों के लिए जिम्मेदार बनते हैं। प्राचार्य जी ने सभी को बताया कि हम किस तरह से पर्यावरण संरक्षण, जलसंरक्षण, मृदासंरक्षण, ऊर्जा संरक्षण,खाद्य संरक्षण व अपने जीवन संरक्षण के लिए स्वयं कार्य कर सकते हैं। कार्यक्रम के सफल आयोजन का श्रेय प्राचार्य जी ने राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम संयोजक डॉ.अशोक कुमार निराला जी को दिया।